पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून शनिवार 3 अक्टूबर 2020

पेज 8


संक्रमण परीक्षण एवं रिपोर्टिंग कोविड–19 प्रयोगशाला का फ्लैग ऑफ करते हुए सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### पंडित दीनदयाल उनका सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिये समर्पित रहा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में सचल संक्रमण परीक्षण एवं रिपोर्टिंग कोविड–19 प्रयोगशाला (मित्र लैब्स) हरिद्वार का फ्लैग ऑफ किया। इस लैब के माध्यम से प्रतिदिन 200 कोरोना जाँच की जा सकती है। यह आईसीएमआर द्वारा भारत की एकमात्र मोबाईलध्सचल मंजूर लैब है। इससे रैपिड एंटिजन टेस्ट और आरटी–पीसीआर दोनों करवाये जायेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष/विधायक वंशीधर भगत, विधायक हरवंश कपूर, सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी, सीएओ हरिद्वार डॉ. शंभु कुमार झा आदि उपस्थित थे।

### रामपुर तिराहा कांड के दोषियों को शीघ्र दी जाये सजा

**संवाददाता** देहरादून। राज्य आन्दोलनकारियों ने शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद आंदोलनकारियों की शहादत के 26 वर्ष पूरे होने पर रामपुर तिराहा कांड के दोषियों को आज तक सजा न दिये जाने के विरोध में धिक्कार दिवस मनाते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण आज तक दोषियों को सजा नहीं मिल पाया है जो सरकारों के लिए धिक्कार है।

### किसान व मजदूर बचाओ दिवस मनाया एनएसयूआई ने

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहुदर शास्त्री की जयंती पर किसान व मजदूर बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया व गांधी पार्क देहरादून में छात्र सत्याग्रह स्वरूप धरना दिया गया। इस अवसर पर कहा गया कि जिस प्रकार से देश में किसान आज किसान विधेयक कि वापसी कि मांग को लेकर पूरे देश में आंदोलनरत हैं व अब उन्हें सरकार के आश्वासन पर भरोसा नहीं रहा है।

### मिनी कन्वर्टिबल साइडवॉक एडिशन भारत में उपलब्ध

**संवाददाता** देहरादून। मिनी इंडिया ने भारत में अपने सबसे अधिक बिकने वाले कन्वर्टिबल का विशेष संस्करण मिनी कन्वर्टिबल साइडवॉक एडिशन पेश किया है। कम्प्लीटली बिल्ट. अप यूनिट के रूप में प्रस्तुत इस संस्करण की केवल 15 यूनिट्स उपलब्ध हैं उच्च गुणवत्ता वाली विशेषताओं और सबसे अलग डिजाइनों के साथ विशेष मॉडल तैयार करने के मामले में मिनी का एक लंबा इतिहास है। नई मिनी कन्वर्टिबल साइडवॉक एडिशन इस लाइन में प्रथम विशेष संस्करण पर आधारित है जिसे 2007 में लाँच किया गया था। इसके अंदरुनी और बाहरी भाग पर विशिष्ट डिजाइन तत्व उन्मुक्त भाव अभिव्यक्त करते हैं।

# आन्दोलनकारियों के सपनों के उत्तराखण्ड की दिशा में सरकार कर रही है कार्य

## पुण्य स्मृति

■सीएम ने शहीद स्मारक पर उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित किये

■राज्य आन्दोलनकारियों के योगदान को हमेशा याद किया जायेगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर में शहीद स्मारक पर उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित किये। राज्य निर्माण के लिए बलिदान देने वाले आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आन्दोलनकारियों के सपनों के उत्तराखण्ड की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। राज्य आन्दोलनकारियों के योगदान को हमेशा याद किया जायेगा।

**हम आज के दिन को अनेक रूपों में मनाते हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आज के दिन को अनेक रूपों में मनाते हैं। देश की आजादी के लिए अहिंसा और सत्याग्रह के के सिद्धान्त पर चलने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जय जवान जय किसान का उद्घोष कर देश के सैन्य शक्ति को प्राथमिकता देने वाले और किसानों की मजबूती के लिए कार्य करने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। उन्होंने जय किसान के उद्घोष से देश को खाद्यान्न के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के निर्णय लिया।



उत्तराखण्ड एवं तत्कालीन उत्तर प्रदेश के इतिहास में आज के दिन को एक काले धब्बे के रूप में भी हम लोग देखते हैं। जिस तरह से रामपुर तिराहा में राज्य आन्दोलनकारियों पर आमानवीय अत्याचार हुआ, अनेक नौजवान शहीद हुए। यहां के स्थानीय लोगों ने इन नौजवानों के सम्मान और सुरक्षा के लिए जिस तरह योगदान दिया, उनके योगदान को हमेशा याद किया जायेगा।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किये।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष/विधायक वंशीधर भगत, विधायक हरवंश कपूर, प्रदीप बत्रा, मुजफ्फरनगर के विधायक प्रमोद उडवाल, मेयर रूड़की गौरव गोयल, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजेन्द्र अन्थवाल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



### उत्तराखण्ड राज्य बड़े संघर्ष के बाद बना

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य बड़े संघर्ष के बाद बना। राज्य के निर्माण में सभी वर्गों के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी ने उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण करवाया। जब उत्तराखण्ड राज्य बना उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री वर्तमान रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह थे। आज राज्य तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उत्तराखण्ड की प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर में तेजी से वृद्धि हुई है। उत्तराखण्ड सीमान्त प्रदेश है, जिसकी लगभग पौने छः सौ किलोमीटर की अन्तरराष्ट्रीय सीमाएं हैं। उत्तराखण्ड के सामरिक महत्व एवं राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए श्री लालकृष्ण आडवानी जी ने भी उत्तराखण्ड को अलग राज्य बनाने की मांग की थी। आज हम चीन की सीमा तक सड़क पहुंचा चुके हैं।

# कृषि बिल के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

## श्रद्धा सुमन

■ कांग्रेसजनों ने महात्मा गॉधी एवं पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर मल्यापर्ण

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज विधिवत तौर पर एआईसीसी के आहवान पर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बनाये गए किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत उत्तराखंड में कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रातः नौ बजे प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पहले दोनों नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण किया व तत्पश्चात प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना द्वारा उनसे किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान के परिपत्र पर हस्ताक्षर लिए गए।

### सरकार की किसान विरोधी मानसिकताः प्रीतम सिंह

प्रीतम सिंह ने इस अवसर पर पार्टीजनों से किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ अधिक से अधिक लोगों के हस्ताक्षर करवाने का आह्वाहन करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की किसान विरोधी मानसिकता का इन काले कानूनों से पर्दाफाश पूरे देश के सामने हो गया है। उन्होंने कहा कि शहीद आंदोलनकारियों की भावनाओं के अनुरूप राज्य को बनाये जाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि आज देश का पैंसठ करोड़ किसान सरकार के द्वारा बनाए गए इन कानूनों के खिलाफ है और देश भर में इनका विरोध हो रहा है ऐसे में कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ किसानों के साथ खड़ी है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि यह अच्छा संयोग है की देश में जय जवान जय किसान का नारा देने वाले महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस इस हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति से कांग्रेस यह पुरजोर मांग करेगी कि या तो वे केंद्र सरकार को इन काले कानूनों को रद्द करने के निर्देश दें या फिर केंद्र सरकार एक नया कानून ला कर यह सुनिश्चित करे कि देश में एमएसपी प्रणाली जारी रहेगी व उडक उलंघन करना संज्ञेय अपराध होगा।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, आयरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शाह, ताहिर अली, सूरत सिंह नेगी, गरिमा दसौनी मेहरा, परिणता बडोनी, शांति रावत, लाल चंद शर्मा, ललित भद्री, राजेश चमोली, महेश जोशी, आदर्श सूद,सावित्री थापा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रपत्र में हस्ताक्षर किए।

### सीएम ने उत्तराखण्ड के शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कचहरी, देहरादून में उत्तराखण्ड के शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि आज ही के दिन उत्तराखण्ड के इतिहास में एक काला अध्याय भी जुड़ा। जब राज्य आन्दोलनकारियों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की मांग के लिए शांतिपूर्ण तरीके से आन्दोलन किया जा रहा था। तब रामपुर तिराहा में इन आन्दोलनकारियों पर बर्बरता पूर्वक अत्याचार किया गया।मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले राज्य आन्दोलनकारियों के बलिदान के परिणामस्वरूप ही उत्तराखण्ड एक पर्वतीय राज्य बना। राज्य आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखण्ड का विकास हो इसके लिए राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत है।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय: शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

फैक्स नं०– 0135-2650558

(M) 9319700701

pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।